आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 02.12.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में अंतर विभागीय 7 ए साईड फुटबॉल प्रतियोगिता–2019 का शुभारंभ दिनांक 02.12.2019 को भव्य तरीके से किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पीएफए एवं खेल–कूद संघ/प्रेसिडेंट, आरेडिका श्री आर. के. मनोचा द्वारा किया गया । यह प्रतियोगिता दिनांक 02.12.2019 से 04.12.2019 के बीच आयोजित की जायेगी।

इस प्रतियोगिता में आरेडिका, रायबरेली के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, अधिकारियों एवं बच्चों के 6 टीम भाग ले रहें है। इस प्रतियोगिता में आरेडिका के लगभग 50 अधिकारी, कर्मचारी एवं बच्चे सम्मिलित है। इस प्रतियोगिता में कुल 9 मैच खेला जायेगा जिसे विभिन्न पूलों में विभाजित किया गया है।

आरेडिका में प्रथम बार अंतर विभागीय 7 ए साईड फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें आरेडिका के अधिकारियों, –चढ. कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का पहला मैच फर्निशिंग और एमसीएफ फुटबॉल क्लब के साथ खेला गया जिसमें एमसीएफ फुटबॉल क्लब की टीम 1–0 से विजयी हुई।

इस अवसर पर प्रेसिडेंट खेल–कूद संध/आरेडिका ने अपने संबोधन में कहा कि यह बड़ा हर्ष का विषय है कि अंतर विभागीय फूटबॉल प्रतियोगिता का प्रथम बार आयोजन आरेडिका में किया गया है। इस प्रकार की प्रतियोगिताऐ जहाँ कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है वहीं पूरी कॉलोनी के लिए बेहतर मनोरंजन का साधन भी है जिसे देख कर बच्चों के मन में खेल–कूद के प्रति जागरुकता बढ़ती है।

आरेडिका, कोचों के उत्पादन के साथ–साथ कर्मचारियों के मनोरंजन के लिए भी विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहता है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों एवं बच्चों के स्वास्थ्य व खेल–कूद में अभिरुचि को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर सीपीएम एवं सचिव खेल–कूद संघ आरेडिका श्री संजय कुमार कटियार एवं वरिष्ठ अधिकरियों सहित पर्यवेक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

Rajiv 02.12.2019

कृते मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी